CLASS : III SEC. ……. SUBJECT: HINDI

[TO BE DONE ON THE SEPARATE SHEET]

पाठ – २ ''सब्र का फल'' एवं पाठ – ४ ''हमारा सुंदर घर'' को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न १– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए–

(क) व्यापारी ने शहर के बच्चों को कहाँ रोटियाँ बाँटने की घोषणा की?

(ख) छोटी लड़की से प्रभावित होकर सेठ ने उसको अपनी क्या बना लिया?

प्रश्न २– क्या आप अपने घर को साफ़ – सुथरा रखते हैं? यदि हाँ तो कैसे और उसके लिए आप क्या – क्या करते हैं?

प्रश्न ३– निम्न राज्यों की भाषा बताइये–

(क) केरल – ....

(ख) तमिल – ....

प्रश्न ४– हम प्रतिवर्ष किस दिन को हिंदी दिवस के रुप में मनाते हैं?

प्रश्न ५– दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए–

(क) दीपिका गाना गा रही है।

(ख) शेर दहाड़ रहा है।

प्रश्न ६– निम्न शब्दों के लिंग बदलिए–

(क) गायक – ....

(ख) बंदर – ....

प्रश्न ७– दिए गए शब्दों के वचन बदलिए–

(क) सहेली – ....

(ख) माता – ....

प्रश्न ८– निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

(क) मित्र – ....

(ख) सच्चा – ....

प्रश्न ९– दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

किसी राजा ने एक हाथी पाल रखा था। वह रोज़ तालाब में नहाने जाता था। रास्ते में दरज़ी की दुकान थी। दरज़ी हाथी को रोज़ केला खाने के लिए देता था। हाथी और दरज़ी में दोस्ती हो गयी। एक दिन दरज़ी की जगह उसका बेटा दुकान पर बैठा था। हाथी आया तो उसने हाथी के सूँड़ में सूई चुभा दी।

(क) राजा ने क्या पाल रखा था?

(ख) रास्ते में दरज़ी की क्या थी और वह हाथी को क्या खाने के लिए देता था?

(ग) दरज़ी की जगह पर दुकान में कौन बैठा था?

(घ) दरज़ी के बेटे ने हाथी के साथ क्या किया?

(समाप्त)